बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांक 57 /प्रशासन/आर/2020 भोपाल,दिनांक 15/03/2020

प्रति,

1. समस्त विभागाध्यक्ष,
   बरकतउल्ला विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग
2. प्राचार्य,
   समस्त संबद्ध शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय
   बरकतउल्ला विश्वविद्यालय

विषय– कोरोना वाइरस (COVID-19) से बचाव के लिए सावधानियाँ ।

आपको विदित ही है कि कोरोना वाइरस (COVID-19) विश्व भर में तेजी से फैल रहा है और अब भारत में भी प्रवेश कर चुका है । इस तथ्य को दृष्टिगत रखते हुए म0प्र0शासन ने भी विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग एवं शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय में आगामी आदेश तक अस्थायी एवं शैक्षणिक कार्यों के लिए अवकाश घोषित किया ।

वर्तमान में विश्वविद्यालय की परीक्षाएं विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर जारी है । महामहिम राज्यपाल के आदेशानुसार ऐकेडेमिक कैलेण्डर का पालन तथा छात्रहित में परीक्षा रोका जाना संभव नहीं है । अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि कोरोना वाइरस (COVID-19) की रोकथाम के लिए निम्न उपाय तत्काल प्रभाव से अपनाए जाएं –

1. **प्रत्येक परीक्षा कक्ष के पास सेनेटाईजर अनिवार्यतः रखा जाए ।**
2. **पृथक से साबुन व नेपकीन की भी व्यवस्था की जाए ।**
3. **परीक्षार्थियों को हिदायत दें कि परीक्षा पूर्व एवं पश्चात् समूह में खड़े न रहें ।**
4. **छात्र–छात्राएं आपसे में चर्चा न करें और परस्पर एक–दूसरे से हाथ न मिलाएं।**
5. **प्रश्न पत्र समाप्ति पश्चात् परीक्षार्थी पृथक–पृथक अपने गंतव्य को वापस जाएं।**
6. **प्राचार्य एवं केन्द्राध्यक्ष विशेष रूप से ध्यान रखें कि परीक्षार्थी एकत्रित न हों।**
7. **शौचालय आदि की सफाई की समुचित व्यवस्था की जाए ।**
8. **पीने के पानी एवं हाथ धोने के पानी की व्यवस्था पृथक–पृथक की जाए ।**

उक्त सभी बिन्दुओं पर उच्च प्राथमिकता के आधार पर व्यवस्थाएं की जाएं इनका निरीक्षण उच्च अधिकारियों द्वारा कभी भी किया जा सकता है ।

आदेशानुसार,

(डॉ. बी. भारती)
कुलसचिव

पृ.क्रमांक 58 /प्रशासन/आर/2020 भोपाल,दिनांक 15/03/2020

प्रतिलिपि–

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के सचिव, राजभवन भोपाल ।
2. प्रमुख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री जी, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल ।
3. विशेष सहायक माननीय मंत्री जी उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन,भोपाल।
4. आयुक्त उच्च शिक्षा, सतपुड़ा भवन, भोपाल, मध्यप्रदेश ।
5. विभागाध्यक्ष,समस्त शैक्षणिक एवं प्रशासनिक विभाग, ब.वि.वि., भोपाल।
6. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, होशंगाबाद/भोपाल संभाग ।
7. प्राचार्य, समस्त संबद्ध शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय ।
8. डॉ. नंदन त्रिपाठी, प्रभारी, आईटी सेल कृपया उपरोक्त अधिसूचना को विश्वविद्यालय वेबसाईट में अपलोड करायें ।
9. कुलपति जी के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक ।
10. सूचना पटल ।